प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**संचार विभाग**, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 अगस्त 2022

**बैंक ऋण का क्षेत्र-वार अभिनियोजन – जुलाई 2022**

जुलाई 2022[1] महीने के लिए 40 चुनिंदा अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन संबंधी आंकड़ें, जो सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा अभिनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 93 प्रतिशत होता है, विवरण I और II में दिए गए हैं।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर देखें तो, खाद्येतर बैंक ऋण[2] में वृद्धि जारी रही, जिसमें जुलाई 2022 में 15.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि एक साल पहले यह 5.1 प्रतिशत थी।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार अभिनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में वृद्धि एक वर्ष पहले के 11.1 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2022 में बढ़कर 13.2 प्रतिशत हो गई।

- उद्योग क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि जुलाई 2021 में 0.4 प्रतिशत से जुलाई 2022 में बढ़कर 10.5 प्रतिशत हो गई। आकार के अनुसार देखें तो, बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में एक वर्ष पहले के 3.8 प्रतिशत की गिरावट की तुलना में 5.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले वर्ष के 59.0 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2022 में 36.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि इसी अवधि के दौरान सूक्ष्म और लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि 10.5 प्रतिशत से बढ़कर 28.3 प्रतिशत हो गई।

- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'अवसंरचना', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'खनन और उत्खनन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' एवं 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' हेतु प्रदत्त ऋण में जुलाई 2022 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ोत्तरी हुई। हालांकि, 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'निर्माण', 'रत्न और आभूषण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'पेट्रोलियम, कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन' एवं 'कपड़ा' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई।

- सेवा क्षेत्र की ऋण वृद्धि एक वर्ष पहले के 3.8 प्रतिशत की तुलना में जुलाई 2022 में बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो गई, जो मुख्य रूप से 'एनबीएफसी' और 'परिवहन ऑपरेटरों' द्वारा ऋण उठाव में बढ़ोतरी की वजह से थी।

- 'आवास' और 'वाहन ऋण' खंडों की सहायता से वैयक्तिक ऋण क्षेत्र में ऋण वृद्धि जुलाई 2021 में 11.9 प्रतिशत की तुलना जुलाई 2022 में मजबूती से बढ़कर 18.8 प्रतिशत हो गई।

**रूपांबरा**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/791**

[1] आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।

[2] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें माह के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार हेतु धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।